# कॉलेज में भी होंगे अमृत महोत्सव कार्यक्रम

**हिण्डौनसिटी @ पत्रिका.** आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के तहत राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने राजकीय एवं निजी महाविद्यलयों में कार्यर मों की सूची जारी की है। एनएसएस के यूनिटों के सहयोग से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन होंगे।प्रचार्य सुरेश चंद मीणा ने बताया कि 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की 75 वीं वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री के कार्यर म का विद्यार्थी शामिल होंगे। 10 अगस्त को आधुनिक भारत में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता, 11 अगस्त को चित्रकला व पोस्टर प्रतियोगिता, 12 अगस्त को श्रमदान, 13 अगस्त को रैली निकाल कर घर-घर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा।